## एक नजर में

### राजगढ़ में 16 जुलाई को होगा तेजस कार्यक्रम

**राजगढ़ 13 जुलाई, का.** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, राजगढ़ द्वारा भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की स्टार्टअप इंडिया पहल के अंतर्गत तेजस (ट्रांसफॉर्मिंग एंटरप्रेन्योरियल जर्नीज़ अक्रॉस स्टेट्स एंड डिस्ट्रिक्ट्स कार्यक्रम का आयोजन 16 जुलाई को होटल संस्कृति पैलेस राजगढ़ में किया जाएगा. कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के नवाचारकर्ताओं, स्टार्टअप संस्थापकों, युवा उद्यमियों, विद्यार्थियों एवं उद्यमिता में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों को स्टार्टअप इंडिया से जुड़ी विभिन्न सुविधाओं, पंजीयन प्रक्रिया, शासकीय प्रोत्साहन योजनाओं, निवेश के अवसरों, मेंटरशिप, इनक्यूबेशन तथा नवाचार आधारित उद्यम स्थापित करने संबंधी आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है. कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे. जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, राजगढ़ ने जिले के इच्छुक युवा उद्यमियों, स्टार्टअप संस्थापकों, उद्योगपतियों, विद्यार्थियों एवं नवाचार के क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी प्रतिभगी उपस्थित रहेंगे.


**भूमि बेचना है**

नेशनल हाईवे नंबर 3 बायपास प्रज्ञा सागर शुजालपुर से बाईपास में मुआवजा मिलने के बाद 11 बीघा जमीन बेचना है. सरेड़ी पटवारी

सम्पर्क करें : 9424406947

बिल : 09 अगस्त


# शिक्षक स्कूल में, ऐप ने बताया 6 किमी दूर

स्कूल परिसर में 27 शिक्षक हाजिर लेकिन सिस्टम बता रहा 6 किमी मीटर दूर

**सांदीपनी स्कूल मऊ में ई-अटेंडेंस फेल शनिवार से तकनीकी गड़बड़ी, कोई छत पर चढ़ रहा तो कोई लगा रहा परिसर में चक्कर**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/पड़ाना 13 जुलाई, सं. शासन ने शिक्षकों के लिए एप्प के माध्यम से अटेंडेंस की अनिवार्यता कर दी है. लेकिन इसके लिए उन्हें तकनीकि समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. स्कूलों में जाकर शिक्षक एप पर हाजिरी लगा रहे है लेकिन सिस्टम स्कूल को ही 6 किमी दूर बता रहा है. शिक्षक कभी छत पर, कभी टीले पर तो कभी मोबाईल के नेटवर्क को चेक करने में लगे है. लेकिन अटेंडेंस फिर भी नहीं लग पा रही है.**


मामला जिले के कईं स्कूलों में सामने आ रहा है. ब्यावरा ब्लॉक के एक स्कूल में टाईम निकलने के बाद एप ने वर्क शुरू किया. वहीं जिले के पड़ाना के समीप मऊ स्थित शासकीय सांदीपनी हाई स्कूल में भी पिछले दो दिनों से समस्या सामने आ रही है.




## शिक्षक एक साथ लेकिन दूरी अलग-अलग

सबसे बड़ी दिक्कत ये है कि स्कूल परिसर में वाईफाई लगे होने के बाद भी हर मोबाइल पर अलग दूरी दिख रही है. किसी को 6837 मीटर, किसी को 1000 मीटर, तो किसी को 800, 600 और 200 मीटर दूर बताया जा रहा है. इसकी चपेट में नियमित, अतिथि और आउटसोर्स तीनों कैटेगरी के शिक्षक आ गए हैं.

इस तकनीकी खामी के कारण शिक्षकों को हाजिरी लगाने के लिए स्कूल की छत पर चढ़ना पड़ रहा है. कुछ शिक्षक कालखंड खत्म होने के बाद भी पूरे परिसर में लोकेशन पकड़ने




के लिए भटक रहे हैं. इस मामले में संस्था प्रभारी शंकर लाल भारती ने जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी है.




शिक्षकों ने मांग की है कि समस्या का जल्द निराकरण किया जाए, वरना वेतन कटने का खतरा है.

### ऐप की जियो फेसिंग में गड़बड़ी आ रही

शनिवार से शासन द्वारा संचालित हमारे-शिक्षक ऐप की जियो-फेंसिंग गड़बड़ा गई है. स्कूल में पदस्थ 38 शिक्षक-शिक्षिकाओं में से 27 की ई-अटेंडेंस नहीं लग पा रही. सोमवार सुबह 10.15 बजे का स्क्रीनशॉट भी गड़बड़ी की गवाही दे रहा है. ऐप में लिखा आ रहा है. आप सांदीपनी स्कूल मऊ से 6836 मीटर दूर हैं. टाइम-इन के लिए कृपया 200 मीटर के भीतर रहें.

शिक्षकों द्वारा तकनीकि समस्या से अवगत कराने के बाद हमने अधिकारियों को जानकारी प्रेषित कर दी है. तकनीकि समस्या है इसलिए स्थानीय स्तर पर इसे हल नहीं किया जा सकता. जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा ऐसी उम्मीद है.

**शंकरलाल भारती, प्राचार्य सांदीपनी स्कूल मऊ**



# साधुवेश में आकर मंदिर में घंटा बजाया और झालर चोरी कर ली

खिलचीपुर की घटना, मंदिर से झालर चोरी, सीसीटीवी में कैद

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 जुलाई, का. के खिलचीपुर के सराफा बाजार स्थित प्रसिद्ध बिहारीजी मंदिर में हुई चोरी का सीसीटीवी वीडियो सोमवार को सामने आया है. वीडियो में एक युवक भगवा कपड़े पहनकर साधु के वेश में मंदिर पहुंचता दिखाई दे रहा है. मंदिर में प्रवेश करते ही वह पहले श्रद्धालु की तरह घंटा बजाता है और इसके बाद मौका देखकर मंदिर में रखी पीतल की चार झालर उठा लेता है. चोर इन झालरों को अपने कपड़े में छिपाकर आराम से मंदिर से बाहर निकल जाता है.**

जानकारी के अनुसार यह चोरी शनिवार को हुई थी. पूरी घटना मंदिर परिसर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई. सोमवार को वीडियो सामने आने के बाद चोरी की घटना की चर्चा पूरे क्षेत्र में होने लगी. वीडियो में चोर की गतिविधियां साफ दिखाई दे रही हैं. वह पहले सामान्य श्रद्धालु की तरह मंदिर में प्रवेश करता है ताकि किसी को उस पर शक न हो. इसके बाद कुछ ही मिनटों में पीतल की चारों झालर समेटकर कपड़े में छिपाता है और वहां से निकल जाता है.

हालांकि, घटना सामने आने के बावजूद मंदिर समिति की ओर से अभी तक खिलचीपुर थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है. सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद लोगों का कहना है कि मंदिरों में भी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की जरूरत है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके. मामले की अब तक पुलिस को शिकायत नहीं की गई है.

## पेंशनर संघ की बैठक सम्पन्न, मांगों पर चर्चा की

22 जुलाई को लंबित मांगों के निराकरण हेतु देंगे धरना

**जीरापुर 13 जुलाई, सं.** तहसील कार्यालय के पीछे भवन में पेंशनर संघ की बैठक में वरिष्ठ पेंशनर ठाकुर मोहन सिंह जमींदार एवं सेवानिवृत प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे. संचालन अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने करते हुए बैठक के आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से बताया. आगामी 22 जुलाई को प्रांतीय निकाय के आह्वान पर लंबित मांगों के निराकरण हेतु धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन देने हेतु भोपाल प्रतिनिधिमंडल भेजने का निर्णय लिया गया. साथ ही वार्षिक आय-व्यय प्रस्तुत किया. संघ ने पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु बैंक शाखा से संपर्क किया गया. साथ ही संयुक्त खाता, नॉमिनेशन, पीपीओ का रेकार्ड व्यवस्थित रखने का पेंशनरों को निर्देश दिया गया. इस मौके पर रमेश शर्मा, मांगीलाल अहिरवार, गुलाबचंद सोनी, आरसी चौरसिया आदि मौजूद रहे.

## लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**राजगढ़ 13 जुलाई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि समय-सीमा के प्रकरणों, मुख्यमंत्री हैल्पलाइन एवं जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी. कलेक्टर ने गंदे पानी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कड़े निर्देश दिये.

## मच्छरों की रोकथाम के लिए फॉगिंग मशीन का शुभारंभ

**जीरापुर 13 जुलाई, सं.** नगर के प्रसिद्ध चामुंडेश्वरी माता मंदिर परिसर में वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद सुशीला मनोहर बरेठा के द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह किया गया. पार्षद सुशीला बरेठा ने बताया कि मच्छरों के बढ़ते प्रकोप और नालियों से आ रही बदबू से निजात दिलाने के लिए उन्होंने अपने निजी खर्च से फागिंग मशीन तैयार की. इस



अवसर पर चंदन बरेठा, बादल बरेठा, रामबाबू दांगी, वंदना दांती, वरिष्ठ पत्रकार दिनेश जमींदार, अजय टेलर, योगेश भावसार, रवि टेलर, राजेश राठौर, कमलेश शर्मा, रजनीश राठौर, बी.एल. गुर्जर, महेंद्र मेरोठा, मुकेश वैरागी उपस्थित रहे.











